हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 3 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री


11 गिरौदपुरी पहुंचे कलेक्टर-एसपी, ...


11 एबीसी के नन्हे वैज्ञानिकों की विज्ञान प्रदर्शनी



# निस्तारीकरण के लिए कुम्हारी जलाशय के गेट खोलने की ग्रामीणों ने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

क्षेत्र के ग्रामीणों ने निस्तारीकरण के लिए कुम्हारी जलाशय के गेट खोलने की मांग प्रशासन से की है। ग्रामीणों का कहना कहना है कि गांव में निस्तारीकरण के लिए पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। गांव के तालाबों का पानी लगभग सूख चुका है। वहीं जलस्तर गिरने के कारण बोरवेल से भी पानी नहीं आ रहा है।

किसान संघर्ष समिति के सदस्यों का कहना है कि इस मुद्दे पर पहल करते हुए अधिकारियों से बातचीत की थी। उन्हें आश्वासन भी दिया गया था, लेकिन अब तक जलाशय के गेट नहीं खोले गए हैं। इस कारण ग्रामीणों और समिति के सदस्य परेशान हैं। उन्होंने अधिकारियों से जल्द समाधान की अपील की है। उनका कहना है कि अगर जलाशय के गेट खोले जाते हैं, तो लगभग 6 से 7 गांवों को पानी की आपूर्ति हो सकेगी और समस्या का समाधान होगा।

आजकल आजकल करके टाल रहे हैं बात को। फसल के लिए पानी दे रहे हैं तो निस्तारी के लिए पानी क्यों नहीं छोड़ा जा रहा है। हमारी मांग है कि पानी जल्दी से जल्दी छोड़ें एवं समस्या को दूर करें।

## गांवों के तालाब- कुएं सूखे बोरवेल का जलस्तर गिरने के कारण नहीं आ रहा पानी

### फसल को दे रहे पानी, निस्तारी के लिए भी दें

समिति के संयोजक सदस्य रिकेश ने बताया गर्मी का समय आ गया है और गांव के तालाब, बोरवेल सभी सूखे हुए हैं। रविवार को किसान संघर्ष समिति का बैठक भटभेरा में आयोजित की गई थी। आसपास गांव वाले पहुंचे थे। सभी ने समर्थन किया कि कुम्हारी जलाशय से पानी छोड़े जाने हेतु चर्चा पर सहमति बनी। अधिकारियों से बात किया तो एक-दो दिन में छोड़ दिया जाएगा बोले थे। 7 दिन बीत गया है लेकिन अपनी अब तक से नहीं छोड़ा गया है।



### आज-कल में खोलेंगे गेटः एग्जिक्यूटिव इंजीनियर

सिंचाई विभाग के एग्जिक्यूटिव इंजीनियर संदीप ने फोन से बताया कि निस्तारी के लिए डेम के गेट को आज- कल में खोलेंगे। पिछले सीजन तक मार्च में ही पानी देते हैं। पानी जल्दी खत्म हो गया है। डेम में बोला हूं अपने सबऑर्डिनेट को एक बार देख लें कि क्या पोजीशन है। निस्तारी का पानी तो देना ही है 6 से 7 गांव हैं तालाब भरते तक पानी को खोल के रखा जाता है। भटभेरा बुड़गहन धोबनीडीह लाइन से जितने गांव हैं। सब में जाता है सुहेला तक जाएगा पानी पहुंचने में टाइम लगता है।

## खबर संक्षेप

### कराते इंडिया ऑर्गेनाइजेशन से प्रथम जज व रैफरी बने ऋषभ सिंह चौहान



**भाटापारा।** कराते इंडियन ऑर्गेनाइजेशन के तत्वाधान में छत्तीसगढ़ कराटे डू एसोसिएशन के द्वारा जज रेफरी एवं कोच सेमिनार का आयोजन दुर्ग में हुआ, जिसमें एग्जामिनर के रूप में सेंसई शाहीन अख्तर एशियाई कराटे फेडरेशन के टेक्निकल कमिशन मेंबर एवं वर्ल्ड कराटे फेडरेशन ,एशियाई कराटे फेडरेशन रेफरी ने सभी प्रतिभागियों का परीक्षण किया एवं सेंसाई अमल तालुकदार एशियाई कराटे फेडरेशन जज एवं छत्तीसगढ़ कराटे डू एसोसिएशन सचिव ने सेमिनार का आयोजन किया, जिसमें बलौदा बाजार भाटापारा जिला कराते संघ सचिव ऋषभ सिंह चौहान कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन द्वारा मान्यता प्राप्त पहले जज एवं रेफरी बने। जिसका सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ। उनकी उपलब्धि पर जिला कराते संघ संरक्षक शिवरतन शर्मा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, संयोजक अरुण छाबड़ा, उपाध्यक्ष नंदू साहू, कोषाध्यक्ष सुनील यदु, सहसचिव संकेत शुक्ला सहित सभी कराटे संस्था एवं खिलाड़ियों ने बधाई दी।

## सियासत : नई परिषद पर व्यवस्थाओं को सुधारने का दायित्व

# शहर की नई सरकार के सामने बड़ी चुनौती है सार्वजनिक प्रसाधन और पार्किंग व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगरपालिका परिषद में नई परिषद के पदभार ग्रहण करने के साथ उन्हें नगर की व्यवस्था सुधारने की दिशा में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। गौरतलब है कि 13 वर्ष पूर्व जिला मुख्यालय बनने के बावजूद अभी तक नगर में जिला मुख्यालय के अनुरूप विकास नही हो पाया है। इस दौरान विकास कार्यो के रूप में फुटकर सब्जी मंडी में चबूतरा निर्माण, मुरूम खदान के समीप चौपाटी निर्माण, मंडी रोड में नये व्यवसायिक काम्प्लेक्स का निर्माण, मटन मार्केट निर्माण आदि पर करोड़ो रूपये खर्च किया जा चुका है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता तथा राजनैतिक कारणो के कारण इन निर्माण कार्यो का लाभ आमजनता व हितग्राहियों को नही मिल पाया है। इसके अलावा नगर में वाहन पार्किंग, सार्वजनिक प्रसाधन, अतिक्रमण जैसी अनेक समस्याओं के कारण नगर में व्यवसाय प्रभावित होने के अलावा नगर के सुव्यवस्थित विकास में बड़ी बाधा दिखाई देती है।



### महिलाओं को हो रही असुविधा

जिला बनने के साथ नगर में लगातार वाहनो की संख्या में भारी इजाफा हुआ है। किंतु नगर में सकरी सड़के व वाहन पार्किंग के लिए जगह आरक्षित नही होने से सड़को पर वाहनो के खडे रहने से यातायात बाधित होना प्रमुख समस्या है। इसके अलावा नगर में भीड़भाड़ वाले व्यवसायिक क्षेत्रे में सार्वजनिक प्रसाधन की सुविधा नही होने से लोगो विशेष रूप से महिलाओं को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ता है। नगर में बस स्टैण्ड व सब्जी मंड़ी में ▶▶ शेष पेज 11 पर

### थोक एवं फुटकर सब्जी एवं फल मंडी को व्यवस्थित करना बड़ी चुनौती

पूर्व में थोक सब्जी मंडी से नगरपालिका को प्रतिवर्ष लाखो रूपये की आय प्राप्त हुआ करती थी। किंतु गत कुछ वर्षो के थोक सब्जी मंडी के शहर से बाहर बायपास मार्ग पर ग्राम सकरी के समीप निजी भूमि पर स्थानांतरित कर संचालन किये जाने से यातायात व्यवधान के साथ दुर्घटना की आशंका को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन के द्वारा कृषि उपजमंड़ी प्रांगण में स्थानांतरित किये जाने की पहल की गई। तथा थोक सब्जी विक्रेताओं से इस बारे में कई दौर की बैठक होने के बाद भी अधिकारियों के नरमी बरतने से सब्जी मंडी का स्थानांतरण नही हो पाया। इसी तरह नगर में फुटकर सब्जी विक्रेताओं के लिए करोड़ो रूपये खर्च कर शेड युक्त चबुतरे का निर्माण कराया गया है। किंतु सब्जी विक्रेताओं के द्वारा चबूतरे पर दुकान लगाने की बजाय सड़को पसरा लगाकर यातायात को बाधित करने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी उनके आगे बेबस व लाचार दिखाई पड़ते है।

### मटन मार्केट कॉम्प्लेक्स में जाने से परहेज

नियमानुसार सार्वजनिक खुले स्थानो पर मटन का विक्रय व पशुवध प्रतिबंधित होने के बावजूद नगर में सब्जी मंड़ी से लगे खुले स्थान पर मटन मार्केट का संचालन होने के बावजूद इसे रोकने में जिम्मेदार अधिकारी स्वयं को असहाय महसूस करते है। गौरतलब है कि नगरपालिका द्वारा चार दीवारी के भीतर मटन मार्केट संचालित करने हेतु लाखो रूपये की लागत से बाउण्डरीवाल के साथ मटन मार्केट का निर्माण कराया गया है जो वर्षो से खाली रहकर खण्डहर के रूप में तब्दील होने लगा है।

## जिला अस्पताल में इलाज जारी

# श्रद्धालुओं से भरा वाहन नाले में घुसा, महिला पुरुष व बच्चे घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

- गिरोधपुरी से लौट रही माजदा नाला में घुसी
- बड़ी संख्या में महिला पुरूष व बच्चे थे सवार

गिरौधपुरी से दर्शनार्थियों को लेकर वापस मुंहभाटा भाटापारा लौट रही माजदा वाहन क्रमांक सजी 04जे 3603 अनियंत्रित होकर ग्राम मुण्डा में नाले के भीतर जा घूसी। घटना शनिवार रात्रि करीब 8 बजे घटित होने की जानकारी देते हुए बताया गया है कि माजदा वाहन में बड़ी संख्या में महिला पुरूष व बच्चे सवार होकर गिरौधपुरी धाम दर्शन करने गये हुए थे। तथा रात में लौटते वक्त वाहन के अनियंत्रित तेज गति होने के कारण चालक नियंत्रण खो बैठा तथा वाहन नाले के भीतर जा घूसी थी। घटना में माजदा वाहन सवार कई व्यक्तियों के घायल होने की जानकारी दी गई है। सूचना मिलते ही घटना स्थल पहुंचे एडिशनल एसपी अभिषेक सिंह द्वारा घायलो को तुरंत उपचार के लिए जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार के लिए भेजा गया।

## देशी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद।** शहर के दलदली मार्ग स्थित काली मंदिर के पास पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से देशी प्लेन शराब जब्त किया। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के बाद आरोपी यशवंत विश्वकर्मा पिता घना राम विश्वकर्मा (20 वर्ष) वार्ड नं 11 दलदली रोड काली मंदिर के पास महासमुंद के कब्जे से 35 नग पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 3150 रुपए को जब्त कर आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की गई।

# नगर पालिका सिमगा में शपथग्रहण समारोह 5 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

- 15 वार्डों में से 8 वार्डों में भाजपा, 4 में निर्दलीय, 3 में कांग्रेस के पार्षद विजयी

नवगठित नगर पालिका परिषद सिमगा का पहला शपथग्रहण समारोह एवं प्रथम सम्मेलन 5 मार्च को आयोजित होगा। चुनाव सम्पन्न होने के बाद आम जनता की लगातार उत्सुकता बनी रही है कि आखिर उनके द्वारा निर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथग्रहण समारोह कब होगा। फिलहाल इंतजार की घड़ियां समाप्त हो चुकी है। यहां तीसरी बार निर्दलीय निर्वाचित अध्यक्ष हरदीप सिंह राजू भाटिया तथा 15 वार्डों में से 8 वार्डों में भाजपा प्रत्याशी, 4 वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशी, तथा 3 वार्डों में कांग्रेस प्रत्याशी विजयी हुए हैं।




नगर पंचायत सिमगा में अब तक के हुए उपाध्यक्ष चुनाव में भाजपा कभी भी सफल नहीं हुई है और उनके प्रत्याशी को मुंह की खानी पड़ी है। उपाध्यक्ष पद में अब तक पांच बार के अपराजेय पार्षद रहे अविनाश दास का ही पलड़ा भारी रहा है, हर बार की तरह इस बार भी दावे और चर्चाऐं खूब चल रही है किन्तु उपाध्यक्ष पद के लिए वरिष्ठ पार्षद अविनाश दास का ही पलड़ा भारी दिखाई पड़ रहा है। नियमानुसार नगरीय निकाय के परिणामों के पहले अधिसूचना जारी की जाती है, अधिसूचना जारी होने के उपरांत 15 दिन के भीतर नई परिषद् का प्रथम सम्मेलन का आयोजन और ▶▶ शेष पेज 11 पर

# एकलव्य आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में 489 छात्र हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- परीक्षा के लिए 590 छात्रों ने कराया था पंजीयन, 101 छात्र रहे अनुपस्थित

आदिवासी विकास विभाग अंतर्गत संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सोनाखान विकासखंड कसडोल में शिक्षा सत्र 2025 – 26 में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु 2 मार्च को प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 12 तक परीक्षा केंद्र शाश्वत उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार में परीक्षा आयोजित की गई। प्रवेश परीक्षा के लिये कुल 590 छात्रें नें पंजीयन कराया था जिसमें से 489 उपस्थित एवं 101 छात्र अनुपस्थित रहे। परीक्षा के




नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर अरुण कुमार सोनकर ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। केंद्र में प्रकाश, पेयजल, बैठक व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था पर्याप्त पाया गया। किसी भी प्रकार का नकल प्रकरण नहीं पाया गया एवं परीक्षा शांति पूर्ण सम्पन्न हुई। इस दौरान सहायक आयुक्त आदिवासी विकास संजय कुर्रे सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

# जुआ, सट्टा में संलिप्त 23 पर पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- शांति भंग करने, जुआ-सट्टा का संचालन, अवैध शराब बिक्री में लिप्त हैं आरोपी

जिला में अवैध गतिविधियों में लिप्त आरोपियों, शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा का संचालन करने वाले तथा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ लगातार जारी है। इसी क्रम में पुलिस टीम द्वारा शनिवार शाम को क्षेत्र अंतर्गत शराब भट्टी के पास अवैध रूप से चखना सेंटर का संचालन करने वाले, सडक मार्ग के किनारे स्थित होटल, ढाबा, ठेला आदि में पीने, बैठने की सुविधा उपलब्ध कराकर अवैध रूप से शराब पिलाने वाले कुल 23 ▶▶ शेष पेज 11 पर



### जिन पर कार्रवाई की गई

लेखराम साहू उम्र 49 साल निवासी ग्राम अमेरा थाना पलारी, राकेश टंडन उम्र 24 साल निवासी पुरानी बस्ती बलौदाबाजार, भूषण केंवट उम्र 21 साल निवासी ग्राम खैरघटा बलौदाबाजार, सहेत्तर पैकरा उम्र 32 साल निवासी फॉरेस्ट कॉलोनी बलौदाबाजार,अब्दुल रहमान उम्र 29 साल निवासी लोहिया नगर बलौदाबाजार, प्रकाश पाटले निवासी केसरवानी भवन के पीछे बलौदाबाजार, संतोष गोयल निवासी केसरवानी भवन के पीछे बलौदाबाजार, मोहित भारद्वाज निवासी ग्राम दशरमा रोड बलौदाबाजार, थानेश्वर चौबे निवासी ग्राम गातापार पलारी, रामजी रेकर उम्र 19 साल 89 लोहिया नगर बलौदाबाजार, अजय यादव निवासी पथरिया मुंगेली, संजय पैकरा उम्र 30 साल निवासी ग्राम कुर्राहा कसडोल, सचिन चेलक निवासी ग्राम चकरवाय कसडोल, ▶▶ शेष पेज 11 पर

हरिभूमि पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 30 अप्रैल, 03 मई, 8 मई, 11 मई, 14 मई,19 मई, 22 मई, 25 मई, 30 मई, 02 जून, 05 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैंकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी-93406-38884
By Train- रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, कन्याकुमारी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, पद्मनादम् स्वामी, केरला, सुन्द्रेश्वर महादेव,
यात्रा दिनांक
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर- 18,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ्रोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

# सात वर्षों में 638 वर्ग किलोमीटर वनक्षेत्र आग की चपेट में आकर खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

राज्य के वनों के लिए वनोपज महुआ काल साबित हो रहा है। महुआ बीनने वाले महुआ के लालच में जंगल को आग में झोंक रहे हैं। इसके कारण पिछले सात वर्षों में राज्य का 638 वर्ग किलोमीटर जंगल आग की चपेट में आकर खाक हो गया। इनमें सबसे ज्यादा आगजनी की घटना बस्तर इलाके के बीजापुर, दंतेवाड़ा, सुकमा एरिया में हुई। नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सुरक्षा बल ऑपरेशन के दौरान जंगल में छिपे नक्सलियों को उनकी मांद से निकालने सूखी पत्तियों में आग लगा देते हैं। इस वजह से बस्तर के वनों में आगजनी की घटनाएं ज्यादा होती हैं।

राज्य के दो तिहाई से ज्यादा इलाका 59 हजार वर्ग किलोमीटर का एरिया वनक्षेत्र में शामिल है। इस लिहाज से आग की चपेट में आकर वनक्षेत्र का एक प्रतिशत भू भाग आग की चपेट में आकर नष्ट हो गया है। आगजनी से सबसे कम नुकसान वर्ष 2020 तथा 2024 में हुआ है। वर्ष 2021 में आगजनी की घटना से सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। इस वर्ष आग की चपेट में आकर डेढ़ सौ वर्ग किलोमीटर वनक्षेत्र प्रभावित हुआ है।

### साढ़े चार हजार फायर वाचर तैनात

वनबल प्रमुख वी. श्रीनिवास राव के अनुसार आग पर काबू पाने इस वर्ष राज्य के अलग-अलग वनक्षेत्र में साढ़े चार हजार फायर वाचर तैनात किए गए हैं। इसके अलावा आग पर काबू पाने एक हजार फायर ब्लोवर की व्यवस्था की गई है। साथ ही पिछले वर्ष से वन विभाग के अफसरों को जंगल में लगी आग पर काबू पाने पुलिस के साथ कलेक्टर से मदद लेने अफसरों को निर्देश दिए गए हैं। वनबल प्रमुख के अनुसार जंगल को आग से बचाने महुआ पेड़ के पास की सूखी पत्तियों को हटाने का काम किया जा रहा है।



### हरसंभव उपाय किए जा रहे

जंगल को आग से बचाने हर संभव उपाय किए जा रहे हैं। इसके लिए जनजागरुकता अभियान चलाने के साथ ही वनक्षेत्र में रहने वाले लोगों को आग बुझाने प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। जमीनी स्तर पर पहले से तैयारी करने की वजह से पिछले वर्ष जंगल को आग से कम नुकसान हुआ है।

- वी. श्रीनिवास राव, वनबल प्रमुख

### इन-इन वर्षों में इतने किलोमीटर के जंगल आग की चपेट में

- 2018 - 117.12
-2019 - 138.54
- 2020 - 14.25
- 2021 - 142.79
- 2022 - 129.29
- 2023 - 62.51
- 2024 - 33.72

## देखरेख के अभाव में मशीनें कबाड़, 3 जगह की वाटर एटीएम पार

# गर्मी में प्यास बुझाने निगम ने लगवाई 20 जगहों पर वाटर एटीएम, आधे से ज्यादा जगहों की मशीनें खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न चौराहों, शासकीय आफिस, बगीचों के बाहर लोगों को गर्मी के दिनों में शुद्ध पेयजल सुगमता से उपलब्ध कराने करीब 2 करोड़ खर्च 20 जगहों पर वाटर एटीएम मशीनें लगवाई गईं। अनुबंधित एजेंसी को शर्त के मुताबिक 7 साल तक वाटर एटीएम मशीनों का संचालन व संधारण करना था, पर मशीन लगाने के 3 साल बाद ही एजेंसी बीच में काम छोड़कर वापस चली गई। नतीजतन देखरेख के अभाव में आधे से ज्यादा वाटर एटीएम मशीनें कबाड़ हो चुकी हैं। 3 स्थानों पर लगाई गई मशीन अज्ञात लोगों ने पार कर दी, बाकी जगहों पर वाटर एटीएम मशीन की हालत ये है कि मशीन सिक्का तो निगल रही पर ठंडा पानी नहीं आ रहा। लोग ठंडे पानी के लिए भटकने लगे हैं। वहीं शिकायत के बाद भी निगम प्रशासन उदासीन बना हुआ है।

- अनुबंधित एजेंसी को 7 साल करना था मेंटनेंस, 3 साल में ही काम छोड़ा






**केस 1**

***केनाल रोड- मशीन बदहाल :*** *पहले एक रुपये का सिक्का डालने पर लोगों को मिनटों में 1 लीटर शुद्ध व ठंडा पानी मिलता था। आज हालत ये है, वाटर एटीएम मशीन बंद पड़ी है। इसके तार भी कट गये हैं। मशीन के आसपास गंदगी फैली हुई है। नगर निगम इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है, जबकि केनाल रोड से रोजाना बड़ी संख्या में लोगों का आना-जाना लगा रहता है।*

**केस 2**

***खालसा स्कूल के पास :*** *पंडरी इलाके में खालसा स्कूल के पास लगाये गये वाटर कूलर में पानी नहीं आ रहा। यहां कोर्ट से आने वाले लोगों, स्कूली बच्चों और राहगीरों को ठंडा पानी की सुविधा देने के मकसद से मशीन लगाई गई, पर मेटनेंस नहीं होने से यह खराब हो गई। शिकायत के बाद भी इसे सुधारा नहीं जा रहा है।*

**केस 3**

***मोतीबाग चौक :*** *शहर के मुख्य गार्डन व शहर के बीच वाटर एटीएम मशीन नगर निगम ने लगवा तो दी, पर इसकी देखरेख की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सुबह-शाम लोग बगीचे में वॉक करने आते हैं, मोतीबाग में झूला झूलने बच्चों का आना-जाना रहता है। स्कूली विद्यार्थी दोपहर के समय यहां अपनी प्यास बुझाने पहुंचते हैं, पर मशीन ठंडा पानी देने की जगह सिक्का निगल रही है।*

**केस 4**

***रामनगर सामुदायिक भवन के पास :*** *रामनगर चौक पर सामुदायिक भवन के समीप वातानुकूलित वाटर एटीएम मशीन की सुविधा शुरू की गई। मशीन से ठंडा व गर्म पानी अलग-अलग उपलब्ध कराने की व्यवस्था रही। कुछ वर्षों तक यहां से रामनगर, गुढ़ियारी सहित आसपास के रहवासी अपनी जरूरत के हिसाब से शीतल पेयजल ले जाते रहे। उस समय मशीन की देखरेख व वाटर एटीएम संचालन के लिए निगम की ओर से कर्मचारी तैनात किये गये।*

### इन स्थानों पर लगाई थी वाटर एटीएम

- मोतीबाग चौक
- केनाल रोड
- पंडरी जिला अस्पताल
- मोवा नहरपारा कांपा
- शंकरनगर में जोन 3 दफ्तर के सामने
- बीएसयूपी आरपी रियल एस्टेट सड्डू 1
- बीएसयूपी आरपी रियल एस्टेट सड्डू 2
- बीएसयूपी कचना फर्स्ट साइट
- बीएसयूपी हीरापुर सोनडोंगरी
- बीएसयूपी दलदल सिवनी
- बीएसयूपी कचना सेकेंड साइट
- बीएसयूपी तेलीबांधा साइट
- बीएसयूपी रायपुरा इंद्रप्रस्थ साइट
- बीएसयूपी सरोना वालफोर्ट
- बीएसयूपी सरोना -सचदेव छोटा बीएसयूपी
- एम्स हास्पिटल गुरुद्वारा के पास
- सरस्वती नगर थाना के पास
- डब्लूआरएस कालोनी रायपुर
- ढेबर सिटी भाठागांव बीएसयूपी
- नत्थानी भाठागांव बीएसयूपी
- वालफोर्ट के पीछे भाठागांव बीएसयूपी
- आंबेडकर अस्पताल मेन गेट के पास

## पुनर्विवाह परिचय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक, बांटी गई जिम्मेदारी



**रायपुर।** बूढ़ापारा चौक बिजली ऑफिस के सामने स्थित प्रदेश कार्यालय में शनिवार को रायपुर ब्राइट फाउंडेशन की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में आगामी 9 मार्च को सुबह 11 बजे से पुरानी बस्ती, महामाया मंदिर स्थित सत्संग भवन हाल में सभी जाति व समाज की विधवा, विधुर व वैध तलाकशुदा प्राप्त सभी उम्र की महिला एवं पुरुषों के पुनर्विवाह के लिए आयोजित होने जा रहे परिचय सम्मेलन की अंतिम रूपरेखा तयकर प्रतिभागी पंजीयन, टोकन आवंटन, भोजन, प्रवेश व्यवस्था, मंचीय संचालन, काउंसिलिंग आदि के लिए प्रमुखजनों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई। फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रदीप गोविंद शितूत, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. मनोज ठाकुर एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने संयुक्त रूप से बताया कि एकाकीपन का जीवन व्यतीत कर रहे प्रतिभागियों के अंधेरे जीवन में फिर से उजाला लाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम के लिए अभी तक 144 पुरुष तथा 36 महिलाओं का अंग्रिम पंजीयन किया जा चुका है, जो अभी भी लगातार जारी है। इस वर्ष महिलाओं एवं युवतियों का पंजीयन निशुल्क करने का निर्णय लिया गया है, ताकि अधिक से अधिक महिलाएं इसका लाभ उठा सकें। बिना पंजीयन किसी भी प्रतिभागी को प्रवेश की अनुमति नहीं मिलेगी। संस्था के पदाधिकारी लगातार तैयारी में जुटकर व्यापक प्रचार-प्रसार कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### वाटर वर्ल्ड रायपुरा निगम का बकायादार फर्म नहीं

**रायपुर।** नगरनिगम जोन 8 के रायपुरा स्थित वाटर वर्ल्ड नगर निगम जोन 8 के राजस्व विभाग को पूर्ण भुगतान प्राप्त हो गया है। यह फर्म निगम का बकायादार फर्म नहीं है। जोन 8 जोन कमिश्नर ए.के. हालदार के निर्देश व जोन 8 सहायक राजस्व अधिकारी प्रमोद जाघव के नेतृत्व में राजस्व निरीक्षक सुनील रघुवंशी ,नीलम सहारे की उपस्थिति में राजस्व वसूली अभियान चलाया गया। जिसमें रायपुरा स्थित वाटर वर्ल्ड से 19,45,240 रुपये की राजस्व प्राप्ति जोन 8 राजस्व विभाग को 31 मार्च 2025 के एक माह पूर्व प्राप्त हो गई ।

### गांधी सदन में प्रापर्टी टैक्स जमा करने काउंटर

**रायपुर।** निगम मुख्यालय में राजस्व विभाग की ओर से संपत्ति करदाता नागरिकों की सुविधा के लिए अलग से काउंटर प्रारंभ किया गया है। काउंटर में ऐसे सभी करदाता जिनकी प्रापर्टी ऑनलाइन दर्ज है। वे अपने संपत्ति कर का नगद ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं। शनिवार को अवकाश के दिन भी संबंधित काउंटर से प्रापर्टी टैक्स जमा करने की सुविधा जारी रही।

### उपायुक्त राजस्व ने किया औचक निरीक्षण



**रायपुर।** शनिवार को नगर निगम आयुक्तअबिनाश मिश्रा के आदेश पर निगम उपायुक्त राजस्व डॉक्टर अंजलि शर्मा ने जोन 10 क्षेत्र के जोन कमिश्नर राकेश शर्मा, जोन सहायक राजस्व अधिकारी महादेव रक्सेल की उपस्थिति में मारुति हेरिटेज,पारेख शो रूम और अन्य दुकानों का औचक निरीक्षण किया। साथ ही संपत्ति कर वसूली अभियान की जानकारी ली। उपायुक्त राजस्व ने बड़े बकायादारों से तत्काल स्थल पर निगम के राजस्व विभागके पास संपत्ति कर जमा करवाया।

### शिक्षा के प्रचार-प्रसार में सिख मिशन का बड़ा योगदान



**रायपुर।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा विशाखापट्टनम आंध्रप्रदेश में भिन्न-भिन्न स्कूल, कॉलेजों में पढ़ रहे 105 सिकलीगर और वंजारे सिख बच्चों की वर्ष 2023-24 की 16 लाख 70 हजार रुपए की फीस की राशि संबंधित स्कूल, कॉलेजों के प्रबंधकों को सौंपी गई। इसे कुछ दिन पहले धर्म प्रचार कमेटी द्वारा रायपुर में भी छत्तीसगढ़ के भिन्न-भिन्न शहरों के स्कूल-कॉलेजों में पढ़ रहे 111 सिख सिकलीगर और वंजारे सिक्खों के बच्चों की 13 लाख 44 हजार रुपए की फीस राशि दी गई। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा वर्ष 2010 से लगातार हर वर्ष स्कूल-कॉलेजों की फीस का भुगतान किया जा रहा है।

### भारतीय जनऔषधि सप्ताह की शुरुआत, निकाली रैली

**रायपुर।** टिकरापारा क्षेत्र में जागरूकता रैली के साथ भारतीय जनऔषधि सप्ताह का शुभारंभ किया गया। रैली का उद्देश्य लोगों को जनऔषधि केंद्रों में उपलब्ध सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाओं के बारे में जागरूक करना था। योजना के छत्तीसगढ़ के प्रबंधक अनीश वोडितेलवार ने बताया कि रैली में लोग बैनर-पोस्टर के माध्यम से लोगों को इस सस्ती दवाओं के बारे में जानकारी दे रहे थे। जनऔषधि दिवस का आयोजन 1 से 7 मार्च तक किया जा रहा है। वर्तमान में रायपुर में जनऔषधि के 20 केंद्र संचालित हैं।

### ट्रांसमिशन कंपनी के एमडी का कार्यकाल बढ़ा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला का राज्य शासन ने एक वर्ष का कार्यकाल बढ़ा दिया है। श्री शुक्ला 28 फरवरी 2024 से ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। श्री शुक्ला ट्रांसमिशन कंपनी में अपने मूल पद कार्यपालक निदेशक से इस वर्ष 31 जुलाई को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होते, लेकिन अब नए आदेश से उन्हें फरवरी 2026 तक काम करने का मौका मिल गया है।

## छोटे अस्पतालों को नर्सिंग होम एक्ट में राहत देने बनाए गए नियम, पर लागू नहीं





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तीस बिस्तर तक के छोटे अस्पतालों को नर्सिंग होम एक्ट में राहत देने के लिए राज्य में नियम तो बनाया गया है, मगर इसे अब तक लागू नहीं किया गया है। इसकी वजह से ऐसे अस्पतालों के संचालन में कठिनाई आ रही है। एएचपीआई ने बिहार की तरह यहां भी नियम लागू करने की मांग की है।

एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स इंडिया (एएचपीआई) छत्तीसगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा कि शासन द्वारा लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए छोटे अस्पतालों के लिए नर्सिंग होम एक्ट के नियम में शिथिलता लाने के लिए नियम बनाया था। इसके तहत 30 बिस्तर तक के अस्पतालों को नर्सिंग होम एक्ट में पंजीयन की आवश्यकता से बाहर रखने की सुविधा दी गई थी। शासन ने नियम तो बनाया, मगर इसे अब तक लागू नहीं किया गया है, जिसकी वजह से छोटे अस्पतालों को काफी तकलीफ उठानी पड़ रही है।

- एएचपीआई ने बिहार की तर्ज पर लागू करने मांग की

डा. गुप्ता ने कहा कि हाल ही में बिहार कैबिनेट द्वारा 40 बिस्तर तक के अस्पतालों को नर्सिंग होम एक्ट के तहत पंजीयन करने की छूट के प्रावधान को मंजूरी दी है। राज्य में छोटे नर्सिंग होम और एकल डॉक्टर क्लिनिक निर्बाध रूप से लोगों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर सके, इसके लिए राज्य शासन को नियम लागू करना चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री और स्वास्थ्य सचिव से अपील की है कि सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को 30 बिस्तर तक के अस्पतालों को नर्सिंग होम एक्ट में पंजीयन की परिधि से बाहर रखने के लिए निर्देशित करें।

## चुनाव खत्म, काम पर लौटने लगे मजदूर मनरेगा में तालाबों के गहरीकरण में तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का असर मनरेगा के कार्यों पर भी पड़ा है। ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा के तहत नए और पुराने तालाबों के लिए गहरीकरण के कार्य किए जा रहे हैं, लेकिन चुनाव के कारण ज्यादातर मजदूर मनरेगा का कार्य छोड़कर चुनाव प्रचार में जुट गए थे। चुनाव प्रचार में मजदूरों को मनरेगा में मिलने वाली एक दिन की मजदूरी से अधिक पैसे मिलते थे, जिसके कारण मनरेगा में मजदूरों का टोटा हो गया था। कम संख्या में मजदूरों के काम पर पहुंचने के कारण तालाबों के गहरीकरण के कार्य भी धीमी गति से हो रहे थे, लेकिन अब चुनाव खत्म हो गया है और मजदूर फिर से मनरेगा के काम पर लौटने लगे हैं, जिससे तालाबों के गहरीहरण के कार्य भी अब जोर पकड़ने लगे हैं।

- जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा अंतर्गत नए के साथ पुराने तालाबों का किया जा रहा गहरीकरण



### गर्मीभर तेज रफ्तार से होगा काम

मजदूरों के वापस लौटने से तालाबो के गहरीकरण के कार्य ने रफ्तार पकड़ ली है। यह रफ्तार आगामी दिनों में और जोर पकड़ेगी, जिससे संभावना जताई जा रही है कि गर्मीभर में कई तालाबों के गहरीकरण के कार्य भी पूर्ण कर लिए जाएंगे।

### 1077 तालाबों का होना है गहरीकरण

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा के तहत पिछले दो साल में 1723 तालाबों के गहरीकरण के कार्य होने हैं। इनमें से अब तक 646 तालाबों के गहरीकरण के कार्य ही पूर्ण हो पाए हैं, वहीं शेष 1077 तालाबों के गहरीकरण के कार्य अभी अधूरे हैं। इन अधूरे कार्यों को जल्द से जल्दा पूरा कराने के लिए विभाग की ओर से पूरा जोर दिया जा रहा है, लेकिन बारिश का सीजन, कभी धान की खरीदी तो कभी चुनाव इन कार्यों में बाधा बनी है, जिससे तालाबों के गहरीकरण के कार्य में विलंब हो रहे हैं। इनमें ऐसे कई तालाब हैं, जिनका गहरीकरण के कार्य दिसंबर तक पूर्ण हो जाने थे, लेकिन मजदूरों के काम पर नहीं आने के कारण वे अब तक अपूर्ण हैं।

**पीक सीजन में मनरेगा में 1 लाख से अधिक पहुंचते हैं मजदूर:** *पीक सीजन यानी गर्मी के महीनों में मनरेगा अंतर्गत काम पर एक लाख से अधिक मजदूर पहुंचते हैं। गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। धान की कटाई, तौलाई से लेकर खरीदी का काम खत्म हो चुका है, वहीं चुनाव भी खत्म हो चुके हैं। मजदूर अब फिर से खाली हो गए है, जिसके बाद मजदूर अब मनरेगा के काम पर लौटने लगे हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार मनरेगा में 50 हजार से अधिक काम पर पहुंचने लगे हैं।*

## कुशालपुर शीतला कालोनी में मोबाइल टावर के विरोध में ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में वामनराव लाखे वार्ड स्थित कुशालपुर की शीतला कालोनी में मोबाइल टावर लगाने का स्थानीय रहवासियों ने विरोध किया है।

घनी आबादी में मोबाइल टावर लगाने से प्रदूषण को लेकर चिंतित रहवासियों ने श्रम कल्याण मंडल सदस्य व छाया पार्षद सर्वजीत सिंह ठाकुर के साथ जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर इस पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

प्रभावित बस्ती के रहवासियों ने जिला कलेक्टर को हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया कि दुर्गा मंदिर के पीछे प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मकान निर्माण करवाने के बाद संबंधित मकान मालिक मोबाइल टावर कंपनी के साथ एग्रीमेंट कर मोबाइल टावर लगवा रहे हैं। यह मोबाइल टावर घनी आबादी वाले क्षेत्र में लगवाया जा रहा है, इससे रेडियेशन का खतरा उत्पन्न हो सकता है। संबंधित मकान के 50 फीट के दायरे में बच्चों की आंगनबाड़ी और शासकीय प्राथमिक शाला भवन है। मोबाइल टावर से निकलने वाले रेडियेशन से आंगनबाड़ी में आने वाले छोटे बच्चों और प्राथमिक शाला में पढ़ने वाले विद्यार्थियों सहित मोहल्ला वासियों को प्रभावित करेगा। इसीलिए टावर लगाने पर रोक लगाई जाये। ज्ञापन सौंपने वालों में सर्वजीत सिंह ठाकुर, राकेश सिंह ठाकुर, हरीश मिश्रा, आदुला झा, छोटू सोनी शामिल रहे।

## मेंटेनेंस के लिए तय की जा रही एजेंसी, प्रबंधन ने जारी किया टेंडर

# अप्रैल-मई की गर्मी में 4 सौ कूलर देंगे मरीजों को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अप्रैल-मई में पड़ने वाली भारी गर्मी में आंबेडकर अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों को 400 कूलर राहत देंगे। गर्मी की शुरुआत के पहले तीन मंजिला भवन के विभिन्न वार्डों में लगाए गए कूलरों के मेंटेनेंस के लिए एजेंसी तय की जा रही है। इन कूलरों के साथ आईसीयू, इमरजेंसी यूनिट तथा प्रशासनिक खंड में लगाए गए करीब ढाई सौ एसी लोगों को राहत का प्रयास पहुंचाने का प्रयास करते हैं।




मार्च की शुरुआत में ही गर्मी शहर में अपना असर दिखाना शुरू कर चुकी है। दूसरे पखवाड़े के बाद इसके तेवर और कड़े हो जाएंगे। गर्मी अप्रैल-मई में तो पीक पर होने की वजह से हालत खराब कर देती है। प्रदेश के सबसे बड़े शासकीय डा. बीआर आंबेडकर अस्पताल की ऊपरी मंजिलों में स्थित वार्डों में भर्ती रहने वाले मरीजों की स्थिति ज्यादा दिक्कतों भरी होती है। अस्पताल का भवन काफी पुराना होने की वजह से यहां सेंट्रलाइज कूलिंग सिस्टम नहीं है, इसलिए मरीजों को राहत देने के लिए कूलर और एसी का सहारा लिया जाता है। अस्पताल में मरीजों, डाक्टरों के साथ अन्य चिकित्सकीय स्टाफ को राहत देने के लिए चार सौ से अधिक कूलर और करीब ढाई सौ एसी मौजूद हैं।

हर साल गर्मी के पहले इनके रखरखाव की आवश्यकता पड़ती है। गर्मी की शुरुआत के पहले ही आंबेडकर अस्पताल प्रबंधन द्वारा बिगड़े कूलरों को सुधारने तथा पूरी गर्मी उसका रखरखाव करने मानव संसाधन जुटाने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए एजेंसी तय करने के लिए टेंडर जारी किया गया है। मार्च के अंतिम दिनों तक यह प्रक्रिया पूरी करने के बाद संभवतया गर्मी की शुरुआत के साथ कूलर का उपयोग शुरू कर दिया जाएगा।

### वाटर कूलरों का रखरखाव

अस्पताल में रोजाना ओपीडी में आने वाले करीब डेढ़ हजार और भर्ती एक हजार मरीज के साथ चिकित्सकीय स्टाफ की प्यास बुझाने के लिए भूतल से लेकर अस्पताल के प्रत्येक फ्लोर पर तीन से चार वाटर कूलर की व्यवस्था की गई है। सामान्य दिनों में इससे मिलने वाले पानी से डिमांड पूरी हो जाती है। गर्मी में खपत बढ़ने की संभावना को ध्यान में रखते हुए जरूरतों के हिसाब से इसकी संख्या बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### एसी खरीदी प्रक्रियाधीन

*अस्पताल में ट्रामा एवं इमरजेंसी, विभिन्न विभागों के आईसीयू सहित अन्य स्थानों पर लगे पुरानी एसी को बदलने के लिए बड़ी संख्या में एसी खरीदी की अनुमति मिली है। अस्पताल प्रबंधन इसके लिए खरीदी की प्रक्रिया पूरी करने में जुटा हुआ है। माना जा रहा है कि गर्मी प्रारंभ होने के पहले खरीदी पूरी कर ली जाएगी। अस्पताल के अन्य वार्डों के साथ पेइंग वार्ड में लगे पुराने एसी को भी बदलने का प्रस्ताव है।*

## राजस्व मंत्री सहित जिम्मेदारों को बर्खास्त करें : कन्हैया

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने प्रदेश के राजस्व मंत्री और उनके महकमें के प्रमुख जिम्मेदारों को बर्खास्त करने की मांग करते हुए कहा कि, मुख्यमंत्री प्रदेश की जनता को राजस्व के घोटाले से मुक्ति दिलाएं और मठ मंदिर सार्वजनिक उपयोग की सरकारी भूमि को वह माफिया के कब्जे से बचाए।

उन्होंने कहा कि, विधानसभा में विधायकों के सवालों के जवाब में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा लगातार भ्रष्टाचारियों का बचाव करते गोलमोल जवाब देते रहे जिसके कारण विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह को टिप्पणी करनी पड़ी के मंत्री जी विभाग को वेंटिलेटर में जाने से बचा लीजिए। विधानसभा अध्यक्ष की एक टिप्पणी ही सरकार के मंत्री और उनके महकमें के भ्रष्ट अधिकारियों के कारनामों की खुली किताब की तरह है। प्रदेश के मुखिया को इसे संज्ञान में लेते हुए तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### जमीन विवाद को लेकर भाई से मारपीट

**महासमुंद।** जमीन विवाद को लेकर एक व्यक्ति ने अपने भाई के साथ मारपीट कर दी। कोतवाली पुलिस को होरीलाल निवासी कांपा ने बताया कि 28 फरवरी वह सुबह काम के लिए बिरकोनी पाइप फैक्ट्री गया था, रात करीबन 8.30 बजे उसके भाई बलदाऊ साहू ने फोन नतनिन का जन्मदिन मानने के लिए बुलाया। प्रार्थी जब रात 9.30 बजे बलदाऊ साहू के घर पहुंचा तो वहां जन्मदिन का कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान बलदाऊ जमीन विवाद की पुरानी बात को लेकर गाली गलौच करने लगा, जब उसे मना किया तो बलदाऊ साहू और दोनों बेटे गौरव व सौरभ साहू के साथ जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगे। कुछ देर बाद वहां आए प्रार्थी के लड़के पोषण साहू के साथ भी तीनों आरोपियों ने मारपीट की। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

**महासमुंद।** ग्राम अछोली स्थित महामाया मंदिर के पास 28 फरवरी की दोपहर पिकअप वाहन की टक्कर से बाइक में सवार दो लोग घायल हो गए। तुमगांव पुलिस ने बताया कि तुमगांव का महावीर निषाद और अछोला का अरूण धीवर मोटर सायकल सीडी डिलक्स क्रं0 सीजी 05 सी 8276 से ग्राम समोदा गए थे, समोदा से वापस आते समय ग्राम अछोला महामाया मंदिर के प्रवेश द्वार के सामने दोपहर करीबन 1.30 बजे सामने से आ रही अज्ञात सफेद बोलेरो पिकअप के चालक द्वारा तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर मोटर साइकिल को सामने को ठोकर मारकर एक्टसीडेंट कर दिया। जिससे दोनों घायल हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन के चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### युवक से मारपीट कर जबड़ा तोड़ा

**महासमुंद।** जोरातराई में एक शादी में मायन नाचने के लिए गए एक युवक से मारपीट की घटना हुई है। खल्लारी पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि 25 फरवरी को मोहन निर्मलकर के यहां शादी में मायन नाचने के लिये कोमल यादव एवं उसके दोस्त योगेश धृतलहरे, संदीप सोनवानी गए थे। इसी दौरान वहां पर देवेंद्र निर्मलकर निवासी जोरातराई शराब के सेवन कर नशे में आकर कोमल के साथ गाली गलौच करने लगा। कुछ देर बाद आरोपी अपने छोटे भाई दौलत निर्मलकर को लेकर आया।

# गिरौदपुरी पहुंचे कलेक्टर-एसपी, मेले की तैयारी का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

गुरू घासीदास की जन्मस्थली व तपोभूमि गिरौदपुरी में 4 से 6 मार्च तक तीन दिवसीय मेला आयोजित होगा। जिसकी तैयारी का जायजा लेने मेला समिति के अध्यक्ष धर्मगुरु गुरुबालदास, कलेक्टर दीपक सोनी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने शनिवार को गिरौदपुरी पहुंचे। इस दौरान मिली कमियों को दूर करने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिया गया। इस अवसर पर राजमाता गुरु प्रवीण माता, आरंग विधायक खुशवंत साहेब सहित मेला समिति के सदस्य एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

**खास बातें**

- धर्मगुरु गुरुबालदास साहेब सहित कलेक्टर-एसपी ने किया मेला स्थल का दौरा
- मौके पर राजमाता गुरु प्रवीण माता, आरंग विधायक खुशवंत साहेब रहे मौजूद

### गिरौदपुरी में 4 से 6 तक तीन दिवसीय मेले का आयोजन



#### बैरिकेडिंग करने एवं जमीन पर मैट बिछाने के दिए निर्देश

मन्नत रखने वाले श्रद्धालुओं के लिए मंदिर परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार से मुख्य मंदिर तक छायादार शेड लगाने, पुरुष और महिला श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग बैरिकेटिंग करने एवं जमीन पर मैट बिछाने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, सुरक्षा, चिकित्सा सहित तमाम इंतजाम दुरुस्त रखने के निर्देश दिये गए। कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में गिरौदपुरी मेले की तैयारी में जिला प्रशासन की टीम मुस्तैद है।

बेहतर व्यवस्थाएं एवं सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है ताकि शंतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक मेला का आयोजन हो। जिला प्रशासन का प्रयास है कि मेला आने वाले श्रद्धालु विगत वर्षो से बेहतर अनुभव साथ लेकर जाएं। इस अवसर पर गुरुबालदास साहेब, राजमाता गुरु प्रवीण माता एवं गुरु खुशवंत साहेब ने मुख्य मंदिर में गुरु गद्दी का दर्शन व पूजा अर्चना कर गुरु घासीदास का आशीर्वाद लिया। निरीक्षण के दौरान मेला समिति से जुड़े सदस्य, अपर कलेक्टर मिथलेश डोंडे, गिरौदपुरी एसडीएम आर. आर. दुबे, सहित मेला तैयारी से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## बोर्ड परीक्षा : कलेक्टर के मार्गदर्शन में परीक्षा आयोजन सम्बन्धी सभी तैयारियां पूरी

# 10वीं का पहला पर्चा आज, जिले के 17347 परीक्षार्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा सोमवार 3 मार्च से प्रारंभ हो रही है। जसमें जिले के 17347 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के लिए जिले में 119 परीक्षा केंद्र बनाए गये हैं। कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में परीक्षा आयोजन सम्बन्धी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिले में बोर्ड परीक्षा सुचारु एवं शांतिपूर्ण संचालित हो इसके लिये 13 उड़ानदस्ता दल का गठन किया गया है। जो केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा आयोजन एवं व्यवस्था का जायजा लेंगे। इसके साथ ही अनुचित साधनों के प्रयोग पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी।

- परीक्षा के लिए जिले में बनाए गए 119 परीक्षा केंद्र
- अनुचित साधनों के प्रयोग पर रखी जाएगी कड़ी नजर

### बोर्ड परीक्षा को लेकर शिक्षा विभाग मुस्तैद, 13 उड़ानदस्ता का किया गठन



फाईल फोटो

#### 12वीं के पहले पर्चे में अनुपस्थित रहे 156 विद्यार्थी

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हायर सेकण्डी स्कूल सार्टिफिकेट परीक्षा के प्रथम दिवस शनिवार को हिन्दी विषय की परीक्षा के दौरान जिले में 156 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। प्रदत्त जानकारी के अनुसार इस परीक्षा में जिला के 11173 विद्यार्थियों में से 11017 विद्यार्थी ही परीक्षा दिलाने परीक्षा केन्द्रो में पहुंचे थे। वहीं परीक्षा के दौरान नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर अरूण कुमार सोनकर, सदस्य सोमश्वर राव, सूरज प्रसाद ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। किंतु किसी भी शाला में नकल संबंधी कोई प्रकरण नही पाया गया।

# निर्वाचित सरपंच शकुंतला ने निकाली विजय रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जनपद पंचायत पलारी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत तिल्दा में पिछले 30-35 वर्षों से बंदे परिवार के गढ़ को ध्वस्त करते हुए शकुंतला राजेश घृतलहरे सरपंच निर्वाचित हुई हैं। तिल्दा में निर्वाचित सरपंच शकुंतला राजेश घृतलहरे ने जीत के बाद निर्वाचित पंचों एवं ग्रामीणों और युवा संगठन के युवाओं की उपस्थिति में गाजे बाजे के साथ थिरकते हुए विजय रैली निकाली। गांव के देवी देवताओं एवं ग्रामवासियों से आशीर्वाद लिए। निर्वाचित सरपंच ने विजयी बनाकर गांव का मुखिया चुनने हेतु समस्त मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। दो पंचवर्षीय कार्यकाल में पंच, पहली बार में ही सरपंच पद के लिए चुनाव में शकुंतला ने बंदे परिवार को कांटे की टक्कर देते हुए दो बार की सरपंच को 16 मतों से हरा दिया। शकुंतला के सरपंच निर्वाचित होने पर गांव में जश्न का माहौल रहा, खासकर युवा संगठन में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

- विजय रैली में निर्वाचित सरपंच ने जताया मतदाताओं का आभार

जीत को लेकर सरपंच प्रतिनिधि राजेश घृतलहरे ने बताया कि ग्राम पंचायत तिल्दा के जनता जनार्दन ने 5 साल सेवा करने का मौका दिया है, उस पर खरा उतरते हुए व्यक्तिगत एवं सामूहिक समस्याओं के समाधान सहित सामूहिक विकास की ओर मेरा हर कदम बढ़ेगा। आपसी मनमुटाव से दूर भाईचारा के साथ सबको लेकर चलूंगा और ग्राम पंचायत को बेहतर बनाने का निरंतर प्रयास रहेगा।

# एबीसी के नन्हे वैज्ञानिकों की विज्ञान प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा-सारागांव

एबीसी के नन्हे वैज्ञानिक भी किसी से कम नहीं विश्व विज्ञान दिवस के प्रदर्शनी का अवलोकन करते एबीसी पब्लिक स्कूल सारागांव के डायरेक्टर, सीईओ और प्राचार्य ने बच्चों के मॉडल देखकर कहा कि बच्चों ने साबित कर दिया कि वे नन्हें, वैज्ञानिक से कम नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की विज्ञान प्रदर्शनी से बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण की कल्पना को बढ़ावा मिलता है।कक्षा तीसरी से नवमीं के विद्यार्थियों ने रोबोट, एटीएम,सोलर पैनल, वाटर कंसर्वेशन एवं फिल्टर, ग्लोब मॉडल इत्यादि के प्रदर्शनी को सफल बनाने में कक्षा शिक्षक -शिक्षिका एवं साइंस टीचर प्रिया देवांगन का सराहनीय योगदान रहा।इस शुभ अवसर पर एक खुशखबरी भी बच्चों को शेयर किया गया कि आगामी सत्र 2025-26 से विद्यालय में कॉमर्स और साइन्स की क्लासेज प्रारम्भ होगी।

- विद्यार्थियों ने बनाए रोबोट, एटीएम, सोलर पैनल, वाटर कंसर्वेशन एवं फिल्टर जैसे मॉडल



# स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

सेजस ओड़ान स्कूल में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ की ओर से युवा लड़कियों को माहवारी के दौरान स्वच्छता और पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया गया। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ प्रबंधन के निर्देश एवं जिला संगठन आयुक्त स्काउट सूरज कसार, जिला संगठन आयुक्त गाइड नेहा उपाध्याय जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट मनीष बघेल, जिला प्रशिक्षण गाइड सुश्री रजनी कला पाटकर, ब्लॉक सचिव संजीव पटेल एवं शाला प्रभारी कविता ध्रुव के मार्गदर्शन में डीओसी गाइड एवं क्लैप सदस्य नेहा उपाध्याय ने आयोजन को संबोधित किया।



**महिलाओं से संबंधित दी गई जानकारी:** इस जागरूकता अभियान में यह बताया गया कि आजकल महिलाएं बहुत ज्यादा पैड का उपयोग कर रही है पैड का उपयोग अगर सही से ना करें तो वह स्वास्थ्यगत हानि होने का कारण हो सकता है क्योंकि पैड में बहुत सारे रसायन पाए जाते हैं साथ ही कुछ मात्र में प्लास्टिक भी पाया जाता है जो कि स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण के लिए भी घातक हो सकता है कोशिश करें कि अपना पैड 6 से 7 घंटे में बदले एवं पैड के स्थान पर मिनिट्रियल कप और पीरियड पेंटी की तरफ अग्रसर हो क्योंकि यह दोनों इको फ्रेंडली भी है साथही पॉकेट फ्रेंडली भी है इस अवसर पर स्कूल में कुल 100 छात्राएं उपस्थित रहे जिन्होंने अपने मन में उठ रहे सवालों को पूछा और पूछा कि हम किस तरह से पैड के स्थान पर इन संसाधनों का उपयोग कर सकते हैं उनकी लागत कितनी है एवं क्या इनका पर्यावरण पर बहुत ज्यादा घातक प्रभाव नहीं पड़ता यह सवाल छात्रओं द्वारा किए गए साथ ही डीओसी गाइड ने लड़कियों को कहा कि आप सब युवा है युवा चाहे तो क्या नहीं कर सकता तो आप पर्यावरण के प्रति सजगता दिखाए, कार्यक्रम में शाला प्राचार्य संतोष कुमार डडसेना एवं स्टाफ का योगदान रहा।

# माहांत तक 40 डिग्री पर तापमान तीन महीने अधिक गर्मी, लू के दिन और वर्षा की गतिविधि ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मार्च की शुरुआत 36-37 डिग्री के तापमान के साथ हो गई है। उतार-चढ़ाव के साथ माह के अंत तक रायपुर समेत अन्य इलाकों में 40-41 डिग्री की गर्मी शुरू हो जाएगी। मौसम विभाग दिल्ली द्वारा जारी किए गए पूर्वानुमान के अनुसार अप्रैल से लेकर मई के महीने में सामान्य से ज्यादा गर्मी, हीट वे की संख्या और बारिश की गतिविधि ज्यादा रहने की संभावना है।

प्रदेश के मौसम को प्रभावित करने वाला पश्चिमी विक्षोभ इस बार अधिक संख्या में आया है। जनवरी के ठंड को कम करने के बाद फरवरी में इसकी वजह से मौसम में उतार-चढ़ाव रहा। रायपुर में मार्च के पहले दिन तेज धूप के साथ गर्मी महसूस होने लगी है। अनुमान है कि आने वाला दिन उतार-चढ़ाव वाला रहेगा। दूसरे पखवाड़े से पारा चढ़ने में नियमितता आएगी और अंतिम दिनों तक शहर में तेज गर्मी का प्रभाव शुरू हो जाएगा। इधर मौसम विभाग दिल्ली द्वारा अगले तीन महीने यानी ग्रीष्म ऋतु का पूर्वानुमान जारी किया गया है। इसमें न्यूनतम और अधिकतम तापमान सामान्य से ज्यादा रहने, अप्रैल-मई में चलने वाली ग्रीष्म लहर के दिनों की संख्या और बारिश यानी बूंदाबांदी वाली स्थिति सामान्य से अधिक रहने की संभावना है।

प्रदेश में सामान्यतः सबसे ज्यादा गर्मी बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग संभाग में अपना असर दिखाती है। सरगुजा और बस्तर संभाग में पारा बहुत अधिक ऊपर नहीं जाता। अभी की स्थिति में शहर में तेज गर्मी का प्रभाव पड़ने लगा है और कूलर पंखे, एसी के उपयोग की अवधि बढ़ गई है।

#### दूसरे दिन भी रायपुर सबसे गर्म

रायपुर में गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। लगातार दूसरे दिन शहर सबसे गर्म रहा और दोपहर तेज धूप से लोग परेशान होते रहे। माना जा रहा है कि अगले चौबीस घंटे प्रदेश के मौसम में बड़ा बदलाव नहीं होगा। अब अंबिकापुर से भी ठंड कम होने लगी है वहां भी न्यूनतम तापमान 13 डिग्री से अधिक हो चुका है।

## पेज 9 के शेष

### वाहन पार्किंग व ...

निर्मित सार्वजनिक प्रसाधन केन्द्र या तो जर्जर और रखरखाव के अभाव में उपयोग के लायक नही रह गये है। वहीं कुछ स्थानो पर निर्मित सार्वजनिक प्रसाधन केन्द्र पर कुछ व्यक्तियों द्वारा कब्जा कर आवास के रूप में उपयोग किया जा रहा है। इसके बाजवूद अधिकारी व जनप्रतिनिधियों की खामोसी हैरान कर देने वाली बात है।

### अवैध गतिविधियों पर...

आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। पकड़े गए सभी 23 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई। जिसमें थाना सिटी कोतवाली द्वारा 10, थाना लवन द्वारा 4, थाना कसडोल द्वारा 07 एवं थाना पलारी, भाटापारा शहर द्वारा 01-01 आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई शामिल है।

### जिन पर कार्रवाई ...

दिलहरण साहू उम्र 58 साल निवासी कसडोल, मनीष चौहान 19 साल निवासी ग्राम बगार कसडोल, चुन्नी साहू उम्र 50 साल निवासी ग्राम अहिल्दा लवन, आशु गुप्ता उम्र 25 साल निवासी सेक्टर 1 कसडोल, प्रकाश विश्वकर्मा उम्र 22 वर्ष साकिन पारस नगर सेक्टर 2 कसडोल, रामप्रकाश राजपूत उम्र 32 साल निवासी ग्राम बिदबिदा मुंगेली, नरेंद्र बंजारे उम्र 20 साल निवासी ग्राम धाराशिव लवन, विजय सायतोड़े उम्र 50 साल निवासी ग्राम कोलिहा लवन, संदीप केवट उम्र 23 साल निवासी लवन, धनेश्वरी केवट उम्र 35 साल निवासी लवन शामिल है।

### नगर पालिका सिमगा ...

उपाध्यक्ष का चुनाव करवाना होता है। नगर पालिका एक्ट की धारा 55 के तहत गजट नोटिफिकेशन के 15 दिन के भीतर परिषद का प्रथम सम्मेलन बुलाना अनिवार्य है इसलिए 5 मार्च को सम्मेलन रखा गया है। दुलेश्वर सार्वा मुख्यनगर पालिका अधिकारी सिमगा का कहना है कि शपथग्रहण समारोह के लिए अभी कार्ययोजना बनाई जा रही है समय और स्थल का चयन नहीं हुआ है ।

# पिता की स्मृति में स्कूल को दिया कूलर और पंखा, न्योता भोज का भी किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम सुंदरा निवासी सुरेंद्र यादव द्वारा अपने पिताजी स्वर्गीय बालाराम यादव की स्मृति में प्राथमिक शाला सुंदरा को चार नग सीलिंग फैन एवं एक नग कुलर बच्चों के लिए प्रदान किया गया, एवं उन्ही की स्मृति में शाला में न्योता भोज का आयोजन भी कराया गया। ज्ञात हो की श्री बालाराम यादव जी पूर्व में एक शिक्षक थे एवं प्राथमिक शाला सुंदरा में पदस्थ थे एवं प्राथमिक शाला केसला में प्रधान पाठक के पद पर रहते हुए सेवानिवृत हुए। सुरेंद्र यादव जी की अनुपस्थिति में छगन यादव मण्डल उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी खरोरा के कर कमलो से प्रदान किया गया। शाला के प्रधान पाठक गजेंद्र कुमार देवांगन, शिक्षक राकेश कुमार शर्मा, गिरिजेश कुमार साहू, संकुल समन्वयक श्री रामाधार साहू , सरपंच बालक दास मानिकपुरी , भरत साहू , एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा सुरेंद्र यादव एवं उनके परिवार को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



# आयुष्मान के नाम पर वसूली निजी अस्पतालों की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ने राजधानी के निजी अस्पतालों में आयुष्मान योजना की आड़ में मरीजों से की जा रही वसूली के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। हाल ही में रायपुरा के निजी अस्पताल में मरीज के परिजनों से 40 हजार रुपए की मांग की जा रही थी। वहीं के दूसरे अस्पताल में हाइड्रोसिल का ऑपरेशन करने योजना के हितग्राही से 20 हजार रुपए डिमांड की गई। पीड़ित परिवारों के साथ छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ने सीएमएचओ और कलेक्टर से लिखित शिकायत की है, साथ ही कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। इसी तरह देवेंद्र नगर, शंकर नगर तथा अन्य अस्पतालों में भी मरीजों को परेशान करने की शिकायत दर्ज कराई गई है।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जॉंच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


हमने बनाया है
हम ही संवारेंगे
प्रदेश की सबसे बड़ी नगर पालिका भाटापारा के
नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षद गणों का
शपथ ग्रहण समारोह
दिनांक - 3 मार्च 2025
स्थान - नगर भवन भाटापारा
समय - दोप. 3 बजे
अश्वनी शर्मा
श्री दिलीप छाबड़िया
बजरंग वार्ड
श्री गोविंद पटेल
संत कवर राम वार्ड
श्री मनीष मिश्रा
गांधी मंदिर वार्ड
श्री भुवन सिंह
परशुराम वार्ड
श्री सुरेश कुमार मंधान
सदर बाजार वार्ड
श्री कुंजराम कोसले
लाल बहादुर शास्त्री वार्ड
श्री सतीश तलरेजा
मातादेवालय वार्ड
श्री उमाशंकर वर्मा
नेहरु वार्ड
श्री सतीश साहू
नयापारा वार्ड
श्रीमती सीता बाई साहू
हथनीपारा वार्ड
श्रीमती दीपा दशरथ साहू
महावीर वार्ड
श्रीमती संध्या राजेश साहू
सुभाष वार्ड
श्रीमती रमशीला साहू
धुरंधर वार्ड
श्रीमती पार्वती गोवर्धन डहरिया
भगत सिंह वार्ड
श्रीमती पुष्पा मानिकपुरी
महासती वार्ड
श्रीमती रोहणी जायसवाल
बलभद्र वार्ड
श्रीमती सीमा संजय ध्रुव
संतरविदास वार्ड
श्रीमती लक्ष्मी बाई
स्टेशन वार्ड
श्रीमती लैनी योगेश अनंत
दीनदयाल उपा. वार्ड
श्रीमती भावना प्रकाश
शहीद हेमु कल्याणी वार्ड
श्री लक्ष्मीकांत टंडन
शहीद वीर नारायण सिंह वार्ड
श्री चंद्रप्रकाश ध्रुव
संतमाता कर्मा वार्ड
श्री श्रेणिक गोलछा
संजय वार्ड
श्री नंदकिशोर वैष्णव
शंकर वार्ड
श्री प्रत्येश राठौर
शक्ति वार्ड